राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री बागडे ने जारी किए आदेश

राज्य सरकार के परामर्श से जारी किए आदेश

राज्य के सात विश्वविद्यालयों में कुलगुरु पद पर नियुक्ति

जयपुर, 18 अक्टूबर। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को अलग अलग आदेश जारी कर प्रदेश के सात विश्वविद्यालयों में कुलगुरु नियुक्त किए हैं। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्ति आदेश जारी किए हैं।

राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में डॉ. बिमला डूंकवाल कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में डॉ. वीरेंद्र सिंह जेतावत, श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में प्रो. पुष्पेंद्र सिंह चौहान, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर में डॉ. प्रताप सिंह,जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में प्रो. पवन कुमार शर्मा, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर में प्रो. गोविंद सहाय शुक्ला तथा राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा में प्रो. निमित रंजन चौधरी को कुलगुरु पद पर नियुक्त किया है।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने इन पदों पर यह नियुक्ति कुलगुरु का कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या संबंधित कुलगुरु की 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, इनमें से जो भी पहले हो के लिए की है।

-----